## स्थानीय आयोजन समिति

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | : प्रो. वेणुगोपाल आचंटा |
| उपाध्यक्ष | : डॉ. एस.के. धकाते, डॉ. आर.पी. अलोष्यस |
| संयोजक | : डॉ. राजेंद्र सिंह मीणा |
| सह संयोजक | : डॉ. प्रियंका जैन, डॉ. सुनील सिंह कुशवाहा |
| सलाहकार | : श्री जे.सी. बिश्वास, डॉ. सउद अहमद<br>डॉ. जीजी पुल्लिकोटिल, डॉ. एस.पी. खन्ना<br>श्री जय नारायण उपाध्याय |
| वित्त समिति | : डॉ. एस.के. दुबे (कोषाध्यक्ष), सुश्री हेमावती,<br>डॉ. प्रीति कुमारी, श्री अतुल सुरेश सोमकुँवर |
| प्रकाशन समिति | : डॉ. प्रवीण सिवाच, सुश्री संध्या एम. पटेल<br>सुश्री ज्योत्स्ना मंडल, डॉ. प्रीति कुमारी<br>श्री सुनील प्रसाद, श्री अनिल वैद्य |
| पंजीकरण समिति | : डॉ. अंजना डोगरा, डॉ.सतीश, सुश्री पूनम सेठी<br>सुश्री सुनीधि लूथरा, श्री सचिन, सुश्री अस्मित कौर<br>डॉ. मनदीप कौर, सुश्री प्रियंका द्विवेदी |
| पोस्टर समिति | : डॉ. संगीता साहू, डॉ. आकाश, सुश्री ऊषाकिरण<br>श्री अनिष भार्गव, सुश्री स्वाति कुमारी<br>डॉ. अरूण प्रसाद, सुश्री नेहा, श्री अशोक कुमार |
| हॉल प्रबंधन | : डॉ. पारोमिता गुहा, सुश्री अर्चना साहू, डॉ.मोनिका<br>श्री अनुराग कटियार, डॉ. रूपकुमार चौधरी<br>सुश्री ज्योति चौहान, श्री बृजेश कुमार |
| परिवहन | डॉ. सुधीर हुसले, डॉ. लालकोटा चिरंजीवी मनिकंटा<br>श्री बच्चू सिंह, श्री रमिल भारद्वाज, श्री कृष्ण<br>श्री प्रवीण कुमार |
| भोजन एवं आवास | : डॉ. अजय कुमार शुक्ल, श्री राजीव शर्मा<br>श्री मनीष ताम्रकार, श्री हरीश कुमार, श्री राहुल<br>श्री आशीष, श्री विजय |
| आईटी एवं श्रव्य व दृश्य | : श्री आशीष रंजन, श्री नितिन शर्मा<br>डॉ. अभिषेक यादव, श्री. वी. के. गुप्ता |





**पत्राचार का पता**
डॉ. राजेंद्र सिंह मीणा
**राष्ट्रीय संगोष्ठी 2026**
सीएसआईआर-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला,
डॉ. के. एस. कृष्णन मार्ग,
नई दिल्ली – 110012
**संपर्क सूत्र**
011-45608362
meenars.nplindia@csir.res.in





## राष्ट्रीय संगोष्ठी 2026

# सामाजिक व औद्योगिक क्षेत्र हेतु इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मापिकी

## National Symposium-2026

# Electrical and Electronics Metrology For the Social and Industrial Sectors

**21 अगस्त 2026**

**21 August 2026**

पंजीकरण लिंक/Registration Link
https://forms.gle/we3PeVLw4ZbDiEEs9

### स्थान / Venue

मुख्य सभागार
सीएसआईआर-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला

Main Auditorium
CSIR-NPL, New Delhi

### सह आयोजक
### Co- Organizer

मेट्रोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया (एमएसआई), नई दिल्ली
Metrology Society of India (MSI), New Delhi

सीएसआईआर-एकीकृत कौशल तृतीय चरण
CSIR-Integrated Skill Initiative Phase III

### आयोजक
### Organizer

सीएसआईआर-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला
डॉ. के. एस. कृष्णन मार्ग, नई दिल्ली – 110012

CSIR-National Physical Laboratory,
Dr. K. S. Krishnan Marg, New Delhi -110012

## भूमिका एवं उद्देश्य




सीएसआईआर-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (एनपीएल) राष्ट्रीय मानकों का संरक्षक है और भारतीय मानक समय (IST) को बनाए रखता है। यह संसद के एक अधिनियम द्वारा भारत के राष्ट्रीय मापिकी संस्थान (NMI) के रूप में अधिदेशित है। सीएसआईआर-एनपीएल भारतीय विज्ञान और उद्योग जगत के विकास के साथ-साथ साथ राष्ट्र की विधिक मापिकी जरूरतों के लिए आवश्यक सटीक मापनों का प्रसार करता है। राष्ट्र की आवश्यकताओं के अनुसार "राष्ट्रीय मानकों " के संरक्षण और प्रसार के लिए यह उत्तरदायी है। आधुनिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास में सटीक मापन की महत्वपूर्ण भूमिका है और इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु सीएसआईआर-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला विभिन्न राष्ट्रीय मानकों का अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप स्थापना, पुनरुत्पादन, अनुरक्षण, उन्नयन और प्रसार सुनिश्चित करता है।

सीएसआईआर-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला का इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मापिकी विभाग (Electrical and Electronics Metrology Division) विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक मानकों के स्थापन, संरक्षण, अनुरक्षण तथा प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वर्तमान डिजिटल एवं प्रौद्योगिकी युग में विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक मापिकी का सामाजिक एवं औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। यह विभाग वोल्टेज, धारा, शक्ति, ऊर्जा, प्रतिरोध, आवृत्ति एवं विद्युतचुंबकीय मापों के लिए राष्ट्रीय मानकों की अनुमार्गणीयता (Traceability) सुनिश्चित करता है। विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली अंशांकन (Calibration), परीक्षण एवं मानकीकरण सेवाएँ उद्योगों की गुणवत्ता, विश्वसनीयता एवं वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को सुदृढ़ करती हैं। आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर, रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा स्मार्ट उपकरणों में आधुनिक तकनीकी अवसंरचना के विकास में भी यह विभाग महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रहा है। आधुनिक चिकित्सा उपकरण, संचार प्रणाली, पर्यावरण निगरानी, स्मार्ट मीटरिंग तथा विद्युत सुरक्षा प्रणालियाँ सटीक मापन तकनीकों पर आधारित हैं। क्वांटम मापिकी एवं विद्युतचुंबकीय मापिकी के क्षेत्र में हो रहे नवीन अनुसंधान भविष्य की उन्नत एवं विश्वसनीय तकनीकों के विकास का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। अतः कहा जा सकता है कि विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक मापन आधुनिक समाज और उद्योग की प्रगति की रीढ़ है। यह न केवल औद्योगिक उत्पादन को बढ़ाने में सहायक है, बल्कि सामाजिक जीवन को सुरक्षित, सरल और सुविधाजनक बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करती है।




राष्ट्रीय संगोष्ठी -2026, विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक मापिकी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक एवं तकनीकी सम्मेलन है, जिसका आयोजन सीएसआईआर-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला के इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मापिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस सम्मेलन का उद्देश्य वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, तकनीकी विशेषज्ञों तथा विद्यार्थियों को एक साझा मंच प्रदान करना है, जहाँ वे विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक मापिकी, क्वांटम मापिकी तथा विद्युतचुंबकीय मापिकी से संबंधित अनुसंधान, वर्तमान चुनौतियों तथा भविष्य की संभावनाओं पर विचार-विमर्श कर सकें। यह सम्मेलन डिजिटलीकरण, स्वच्छ ऊर्जा तथा समाज एवं उद्योग से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में आने वाली चुनौतियों के समाधान हेतु ज्ञान-विनिमय को प्रोत्साहित करेगा । यह सम्मेलन अकादमिक संस्थानों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं एवं उद्योगों के मध्य सहयोग को सुदृढ़ करने के साथ-साथ युवा वैज्ञानिकों एवं विद्यार्थियों को नवीन अनुसंधान एवं तकनीकी नवाचारों से परिचित कराने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा। इसके माध्यम से "आत्मनिर्भर भारत", गुणवत्ता अवसंरचना (Quality Infrastructure) तथा वैश्विक मानकीकरण की दिशा में देश के प्रयासों को भी नई गति प्राप्त होगी।

**संगोष्ठी की भाषा : राजभाषा हिन्दी**

**पंजीकरण निःशुल्क**

## संगोष्ठी के विषय

- ✓ LF, HF प्रतिबाधा एवं DC मापिकी
- ✓ AC/DC उच्च वोल्टेज एवं उच्च धारा मापिकी
- ✓ AC शक्ति एवं ऊर्जा मापिकी
- ✓ क्वांटम इलेक्ट्रिकल मापिकी
- ✓ LF, HF वोल्टेज, धारा एवं माइक्रोवेव मापिकी
- ✓ विद्युतचुंबकीय एवं क्वांटम फोटोनिक्स मापिकी

## लेख प्रस्तुतीकरण

मौलिक एवं विषयसंगत लेख स्वीकृति के पश्चात् संगोष्ठी पुस्तिका में सम्मिलित किये जायेगें तथा इन लेखों का प्रस्तुतीकरण विभिन्न तकनीकी एवं पोस्टर सत्रों द्वारा किया जायेगा | 35 वर्ष या उससे कम आयु के वैज्ञानिकों या छात्रों द्वारा प्रस्तुत सर्वश्रेष्ठ शोध पत्रों को पुरस्कार दिए जायेंगे |

## प्रतिभागिता

वे सभी वैज्ञानिक एवं शोधकर्ता जो उपर्युक्त विषयों पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत करना चाहते हैं या विचारों के आदान-प्रदान में भाग लेने के इच्छुक हैं, इस संगोष्ठी में आमंत्रित हैं | वे कृपया निर्धारित अवधि में दिए हुए पंजीकरण लिंक से अपना फार्म भरकर सारांश(अधिकतम 300 शब्द, हिंदी यूनिकोड फ़ॉन्ट में) अपलोड करें।

**पंजीकरण लिंक: https://forms.gle/we3PeVLw4ZbDiEEs9**

**सारांश एवं पंजीकरण की अंतिम तिथि : शुक्रवार, 10 जुलाई 2026**

**सारांश स्वीकृति की सूचना : सोमवार, 20 जुलाई 2026**